an>

Title: Need to construct railway line between Bilara and Bar in Rajasthan-laid.

श्री पी. पी. चौधरी (पाली): मैं सरकार का ध्यान वर्ष 1997 में तत्कालीन रेल मंत्री श्री रामविलास पासवान जी द्वारा जोधपुर जिले मे बिलाड़ा से बर नई रेल लाईन के बारे में की गई घोषणा की ओर आकर्षित करते हुए बताना चाहूगां कि उक्त योजना का शिलान्यास किया जा चुका है, लेकिन कार्य अभी तक प्रारम्भ नहीं हो सका । बिलाड़ा से बर की दूरी केवल 40 कि. मी. मात्र है, यदि इन दोनों स्थानो को रेलवे लाईन से जोड़ दिया जाता है तो हजारों की संख्या में लोगों को रेल सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा व जोधपुर-जयपुर-दिल्ली की दूरी भी बहुत कम होगी तथा जोधपुर से अजमेर को बेहतर कनेक्टिविटि मिल सकेगी । इस सम्बन्ध में पश्चिमी राजस्थान के एम्स-जोधपुर, उद्योग विभाग, आर्मी हैडक्वाटर, जय नारायण व्यास विश्व विद्यालय, आदि महत्वपूर्ण संस्थानों द्वारा भी इस प्रोजेक्ट के महत्व व आश्वयकता के बारे में लिखित रूप से बताया है । यह लाईन सामरिक दृष्टि से भी विशेष महत्व रखती है ।

इस सम्बन्ध में रेल मंत्रालय द्वारा कई बार सर्वे भी कराया जा चुका है । रेलवे बोर्ड द्वारा इसे सहमति के साथ प्लानिंग कमीशन में भेज दिया गया था, लेकिन प्लानिंग कमिशन द्वारा इस योजना को "कोमर्शियली नॉन वाईबल" बताकर छोड़ दिया गया था ।

अब इस क्षेत्र में काफी मात्रा में लाईम स्टोन, सीमेंट हैण्डीक्राफ्ट आदि के उद्योग विकसित हो चुके है । इसी को ध्यान में रखते हुए विश्वस्तरीय राष्ट्रीय राजमार्ग भी इस क्षेत्र से होकर बनाया गया है ।

अतः मेरा माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि वर्षो से लम्बित बिलाड़ा-बर रेल लाईन को जल्द पूरी करने के निर्देश प्रदान करने की कृपा करें ।